नाम..अनुक्रमांक........................ RS

अर्द्धवार्षिक परीक्षा-2022-23

विषय- सामान्य हिन्दी

समय : 3.15 घंटे　　　　कक्षा - 12　　　　पूर्णांक : 100

नोट- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश-

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

1. हिन्दी गद्य साहित्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(खण्ड - क)

(क) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' आत्मकथा है- 1

(1) सुमित्रा नन्दन पन्त की　(2) डा0 राजेन्द्र प्रसाद की

(3) बच्चन जी की　(4) अज्ञेय की

(ख) 'सौ अजान एक सुजान' के लेखक हैं- 1

(1) भारतेन्दु जी　(2) प्रताप नारायण मिश्र

(3). श्याम सुन्दर दास　(4) बालकृष्ण भट्ट

(ग) 'अरे यायावर रहेगा याद' के लेखक हैं- 1

(1) यशपाल　(2) मुक्तिबोध　(3) अज्ञेय　(4) नगेन्द्र

(घ) आचार्य हजारी प्रसाद की रचना है- 1

(1) चिन्तामणि　(2) बलिदान

(3) अनाम दास का पोथा　(4) साहित्य सीकर

(ङ) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की रचना है- 1

(1) भाषा और आधुनिकता　(2) पृथिवी पुत्र

(3) त्यागपत्र　(4) अग्नि की उड़ान

2. हिन्दी काव्य साहित्य के इतिहास पर आधारित निम्न प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(क) 'द्वापर' किसकी रचना है- 1

(1) महादेवी वर्मा　(2) जयशंकर प्रसाद

(3) हरिऔध　(4) मैथिली शरण गुप्त

(ख) कामायनी महाकाव्य में सर्गों की संख्या है- 1

(1) सोलह　(2) बारह　(3) चौबीस　(4) पन्द्रह

(ग) 'रेणुका' किसकी रचना है- 1

(1) निराला जी की (2) पंत जी की

(3) दिनकर जी की (4) जायसी की

(घ) सुमित्रानन्दन पन्त को 'चिदम्बरा' में पुरस्कार मिला- 1

(1) ज्ञानपीठ पुरस्कार (2) भारत-भारती पुरस्कार

(3) तुलसी पुरस्कार (4) साहित्य अकादमी

(ङ) 'कितनी नावों में कितनी बार' काव्य संग्रह के रचनाकार हैं- 1

(1) दिनकर (2) पन्त (3) महादेवी वर्मा (4) अज्ञेय

3. दिए गए गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) कहते हैं, दुनियाँ बड़ी भुलक्कड़ है। केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ सधता है। बाकी को फेंककर आगे बढ़ जाती है। शायद अशोक से उसका स्वार्थ नहीं सधा। क्यों उसे वह याद रखती। सारा संसार स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है। 5×2

(1) प्रस्तुत गद्यांश में किस प्रसंग की चर्चा की गयी है?

(2) लेखक ने गद्यांश में किस तरह के लोगों को स्वार्थी कहा है?

(3) 'सारा संसार स्वार्थ का अखाड़ा ही तो है।' से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(4) 'फूल' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(5) 'स्वार्थ' शब्द का विलोम लिखिए।

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5×2

कहते आते थे यही सभी नर देही,
"माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही।
अब कहें सभी यह हाय! विरुद्ध विधाता
है पुत्र पुत्र ही कुमाता माता।"
बस मैंने इसका वाह्य-मात्र ही देखा,
दृढ़ हृदय न देखा, मृदुल गात्र ही देखा।

(क) प्रस्तुत पद्य खण्ड का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) कैकेयी को कौन सी चिन्ता सता रही है?

(ग) कैकेयी ने इसका (भरत का) क्या देखा है?

(घ) है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमारा माता का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'गात्र' का क्या अर्थ है?

5. (क) अधोलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए- (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2

(1) वासुदेव शरण अग्रवाल (2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) जी. सुन्दर रेड्डी

(ख) अधोलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए- (शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2

(1) मैथिली शरण गुप्त
(2) सुमित्रानन्दन पन्त
(3) रामधारी सिंह 'दिनकर'

6. पंचलाइट अथवा बहादुर कहानी का सारांश लिखिए। 5

अथवा

गोधन अथवा राजा रिपुदमन सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

7. 'आलोक वृत्त' खण्ड काव्य की कथा वस्तु संक्षेप में लिखिए। 5

अथवा

खण्ड काव्य के 'नायक' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(खण्ड - ख)

8. **(क) दिए गए संस्कृत गद्य खण्ड का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए-** 2+5
संस्कृत साहित्यं सरसं व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये-पद्ये च लालित्यं भाववोध सामर्थ्यम अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थं यादृशी सत्प्रेरणा संस्कृत वाङमय ददाति न तादृशीम किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानाम् मानवीय गुणानाम् यादृशी विवेचना संस्कृत साहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी।

(ख) दिए गए श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+5
न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्यामिवेवचनम्।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति।।

9. **निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-1+1**
(क) दाल में काला होना (ख) नमक-मिर्च लगाना
(ग) गूलर का फूल होना (घ) पानी-पानी होना

10. **(क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए-**

(1) 'हिमालयः' का सन्धि-विच्छेद है- 1
(अ) हिम + आलयः (ब) हिमा + लयः
(स) हि + मालयः (द) हिमो + लयः

(2) 'कवीन्द्रः' का सन्धि-विच्छेद है- 1
(अ) कवि + इन्द्रः (ब) कवी + इन्द्रः
(स) क + वीन्द्रः (द) कवीन्द्र + अः

(3) 'नयनम्' का सन्धि-विच्छेद है- 1
(अ) न + अनम (ब) ने + अनम
(स) नय + अनम् (द) नी + अनम्

(ख) निम्नलिखित शब्दों की विभक्ति और वचन है-

(1) 'आत्मनि' शब्द में विभक्ति और वचन है- 1
(अ) चतुर्थी एकवचन (ब) सप्तमी एकवचन
(स) तृतीया एकवचन (द) षष्ठी बहुवचन

(2) 'राजभिः' शब्द में विभक्ति और वचन है- 1

(अ) चतुर्थी, बहुवचन (ब) तृतीया, बहुवचन

(स) षष्ठी, एकवचन (द) सप्तमी, एकवचन

11\. (क) **निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए-**

(1) अभय - उभय 1

(अ) भय पूर्ण और भय रहित (ब) भयहीन और दोनों

(स) पृथ्वी और आकाश (द) आशा और निराशा

(2) अम्बुज और अम्बुद 1

(अ) आम और समुद्र (ब) कमल और बादल

(स) कमल और समुद्र (द) जल और तालाब

(ख) **निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए-** 1

(1) अर्क (2) द्विज (3) पतंग

(ग) **निम्नलिखित वाक्यांशों में से किसी एक का एक शब्द चयन करके लिखिए-**

(1) जो पहले कभी न हुआ हो- 1

(अ) भूतपूर्व (ब) अपूर्व (स) अभूतपूर्व (द) भविष्य पूर्व

(2) जो सब कुछ जानता हो- 1

(अ) बहुज्ञ (ब) सर्वज्ञ (स) अल्पज्ञ (द) विज्ञ

(घ) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-** 2

(1) एक फूल की माला खरीद लो।

(2) गौतम ऋषि की पत्नी का नाम अहिल्या था।

(3) विष्णु के अनेकों नाम हैं।

(4) उसका प्राण निकल गया।

12\. (क) 'करुण रस' अथवा 'वीर रस' की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।2

(ख) 'श्लेष' अलंकार अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ग) 'दोहा' छन्द अथवा कुण्डलिया छन्द का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए। 2

13\. अपने मोहल्ले में प्रदूषण से उत्पन्न स्थिति का वर्णन करते हुए नगर अधिकारी को एक पत्र लिखिए। 2+4

अथवा

किसी विद्यालय के प्रबन्धक को प्रवक्ता पद पर अपनी नियुक्ति हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए।

14\. (क) वर्तमान समय में कृषकों की समस्याएं एवं समाधान। 2+7

(ख) वनों का महत्व

(ग) स्वच्छता अभियान - जन-जन का कल्याण

(घ) बढ़ती जनसंख्या - विकास में बाधा

(ङ) योग शिक्षा - आवश्यकता और उपयोगिता

●●●